भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2311

सोमवार, 04 अगस्त, 2025 / 13 श्रावण, 1947 (शक)

ईएसआईसी अस्पतालों का आधुनिकीकरण और उन्नयन

2311. श्री सी. एन. अन्नादुरईः
श्री जी. सेल्वमः
श्री नवसकनी के.:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने तमिलनाडु सहित देश के विभिन्न भागों में ईएसआई अस्पतालों के आधुनिकीकरण और उन्नयन के प्रस्तावों को मंजूरी दी है;

(ख) यदि हाँ, तो तमिलनाडु में आधुनिकीकरण/उन्नयन के लिए चयनित ईएसआई अस्पतालों का नाम, स्थान, बिस्तरों की संख्या और स्थापना वर्ष सहित ब्यौरा क्या है;

(ग) प्रस्तावित आधुनिकीकरण और उन्नयन की प्रकृति और पूरा होने की समय-सीमा का ब्यौरा क्या है;

(घ) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान तमिलनाडु में उक्त उन्नयन कार्यों के लिए आवंटित और जारी की गई धनराशि का अस्पताल-वार ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार को तमिलनाडु में ईएसआई अस्पतालों के कार्य-निष्पादन को प्रभावित करने वाली कर्मचारियों की कमी, पुराने उपकरणों या बुनियादी ढाँचे संबंधी किसी बाधा के बारे में जानकारी है और यदि हाँ, तो सरकार द्वारा किए गए उपचारात्मक उपायों का ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या तमिलनाडु के कम सुविधा वाले जिलों में नए ईएसआई अस्पताल या औषधालय स्थापित करने का कोई प्रस्ताव है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (च):- कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ईएसआई अस्पतालों में आधुनिक तकनीकों को शामिल करके इन-हाउस स्पेशियलिटी और सुपर-स्पेशियलिटी सेवाओं को विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। गुणवत्तापूर्ण और समय पर स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने के लिए किए गए कुछ उपाय इस प्रकार हैं: बिस्तरों की संख्या में वृद्धि, उन्नत चिकित्सा उपकरणों की खरीद, ईएसआईसी के दिशानिर्देशों के अनुसार गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) / उच्च निर्भरता इकाई (एचडीयू) सुविधाओं की स्थापना, नए अस्पतालों की स्थापना, जरूरतों और मांगों के अनुसार अस्पताल के बुनियादी ढांचे के उन्नयन और विस्तार के लिए अप्रयुक्त भूमि का उपयोग, पंजीकरण को सुव्यवस्थित करने, प्रतीक्षा समय को कम करने और रोगी सुविधा को बढ़ाने के लिए ओपीडी अपॉइंटमेंट के लिए उपयोगकर्ता के अनुकूल ऐप का उन्नयन आदि। दिनांक 01 जनवरी 2023 से 30 जून 2025 तक तमिलनाडु

जारी..1/-

में आधुनिकीकरण/उन्नयन के लिए चिह्नित ईएसआईसी अस्पतालों का ब्यौरा **अनुबंध I** में दिया गया है। ईएसआईसी ने तमिलनाडु में 6 नए अस्पतालों की स्थापना को भी मंजूरी दी है। ऐसे अस्पतालों का ब्यौरा **अनुबंध II** में दिया गया है।

ईएसआई अस्पतालों में डॉक्टरों और कर्मचारियों की भर्ती एक सतत प्रक्रिया है। ईएसआईसी ने हाल ही में विभिन्न ईएसआईसी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में नियुक्ति के लिए बीमा चिकित्सा अधिकारी (आईएमओ) ग्रेड II, विशेषज्ञ ग्रेड II (वरिष्ठ स्केल/कनिष्ठ स्केल) और शिक्षण संकाय के पदों पर चयनित 1323 उम्मीदवारों को नियुक्ति प्रस्ताव जारी किया है। ईएसआईसी ने 2458 नर्सिंग अधिकारियों की भी भर्ती की है। इसके अलावा, ईएसआईसी ने नर्सिंग अधिकारियों के 832 रिक्त पदों, सहायक प्रोफेसर के 243 रिक्त पदों और डीन के 11 रिक्त पदों को भरने के लिए भी आवश्यक कदम उठाए हैं। ईएसआईसी चिकित्सा संस्थानों के सभी डीन/चिकित्सा अधीक्षकों को आवश्यकतानुसार, यदि कोई कमी हो, तो उसे दूर करने के लिए संविदा पर विशेषज्ञ/शिक्षण संकाय और नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति करने के लिए अधिकृत किया गया है।

**

अनुबंध ।

“ईएसआईसी अस्पतालों का आधुनिकीकरण और उन्नयन” के संबंध में श्री सी. एन. अन्नादुरई और 02 अन्य सांसदों द्वारा दिनांक 04.08.2025 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2311 के भाग (क) से (च) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

दिनांक 01.01.2023 से दिनांक 30.06.2025 के दौरान आधुनिकीकरण के लिए चिह्नित तमिलनाडु में ईएसआई अस्पताल।

क्र. सं.	परियोजना का नाम	बिस्तर की संख्या	स्थापना वर्ष	पूरा होने की तिथि	आधुनिकीकरण की प्रकृति	आवंटित और जारी की गयी निधि
1	ईएसआई अस्पताल, केके नगर, चेन्नई	1000	राज्य से अधिग्रहित: 1991	यह परियोजना मैसर्स राइट्स को सौंपी गई है। पूर्ण होने की तारीख: 18 माह	ऑन्कोलॉजी और न्यूक्लियर मेडिसिन ब्लॉक का निर्माण	आवंटित निधि: 123.54 करोड़ जारी की गई निधि: शून्य
2	ईएसआई अस्पताल, मदुरै	200	1971	परियोजना संकल्पना चरण में है।	नई आवश्यकता के अनुसार भवन तोड़ना और पुनर्निर्माण	प्रारंभिक अनुमान के अनुमोदन के बाद निधि आवंटन।

अनुबंध -II

"ईएसआईसी अस्पतालों का आधुनिकीकरण और उन्नयन" के संबंध में श्री सी. एन. अन्नादुरई और 02 अन्य सांसदों द्वारा दिनांक 04.08.2025 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2311 के भाग (क) से (च) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

तमिलनाडु में स्थापित किए जाने के लिए स्वीकृत नए ईएसआई अस्पतालों का ब्यौरा

क्र. सं .	**जिला**	**स्थान**	**स्वीकृत बेड**
1	कांचीपुरम	श्रीपेरुमबुदुर	100
2	डिंडिगुल	डिंडिगुल	100
3	थूथुकुड़ी	तूतीकोरिन	100
4	कन्याकुमारी	कन्याकुमारी	100
5	चैंगलपट्टू	चैंगलपट्टू	100
6	इरोड	इरोड	100

****